हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, शनिवार 10 जनवरी 2026

तापमान
अधिकतम 40.2 डिग्री
न्यूनतम 29.6 डिग्री


10 देश की असली छवि वहां के साहित्य में देखिए : चित्तरंजन


11 गायत्री परिवार ट्रस्ट ने पीढ़ी स्कूल के छात्रों को बांटे स्वेटर



## खबर संक्षेप

### शपथ ग्रहण में शामिल होंगे डिप्टी सीएम साव



**महासमुंद।** जिला साहू संघ महासमुंद की नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह 10 जनवरी शनिवार को स्थानीय कर्मा सदन में आयोजित होने जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री अरुण साव होंगे। अध्यक्षता प्रदेश साहू संघ अध्यक्ष नीरेंद्र साहू करेंगे। अति विशिष्ट अतिथि पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू होंगे। कार्यक्रम में समाज के कई वरिष्ठ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य अतिथि शामिल होंगे।



### चार हजार की महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** ग्राम मुंगाडीह मजार डोंगरी के पास बसना पुलिस ने एक आरोपी के कब्जे से चार हजार रुपए का 20 लीटर महुआ शराब बरामद किया है। पुलिस ने शराब की अवैध बिक्री करने वाले आरोपी हेतराम भारद्वाज पिता गणेश राम भारद्वाज (57 साल) मुंगाडीह पुलिस चौकी भंवरपुर के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की।

### शराब बिक्री कर रही महिला पर कार्रवाई

**महासमुंद।** दलदली रोड नयापारा में शराब बिक्री करने वाली महिला पर कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई की। पुलिस ने बताया कि सूचना मिली थी किदलदली रोड नयापारा महासमुंद निवासी सावित्री पाटिल अपने घर के सामने खाली प्लाट में अवैध रूप शराब बिक्री करने के लिए रखी हुई है। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने महिला के कब्जे से 2 लीटर देशी हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 400 और बिक्री रकम 50 रुपए को बरामद किया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 34(ए) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### देशी प्लेन व अंग्रेजी शराब जब्त

**महासमुंद।** तुमगांव पुलिस ने ओवरब्रिज के पास एक व्यक्ति के कब्जे से देशी प्लेन व अंग्रेजी शराब बरामद किया है। पुलिस ने सूचना मिलने पर आरोपी रामू घसिया पिता बिसरू घसिया (60 साल) निवासी गढसिवनी के कब्जे से 10 पौवा शोले देशी प्लेन शराब कीमत 800 रुपए व 19 पौवा अंग्रेजी गोवा स्पेशल शराब कीमत 2280 कुल 3080 रुपए को बरामद किया। आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# बफर लिमिट पार और उठाव बेपटरी, कैसे तौल हो पाएगा 65 हजार किसानों का धान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी अंतिम चरण में तो पहुंच रही है लेकिन, खरीदी शुरू हुए 50 दिन बीत जाने के बाद भी अब तक केवल 55 फीसदी किसान ही धान बेच पाए हैं। वर्तमान स्थिति में 45 प्रतिशत किसान अपनी उपज बेचने के लिए अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं। 31 जनवरी की अंतिम समय-सीमा नजदीक आने के साथ ही केंद्रों पर दबाव बढ़ता जा रहा है। जिले में इस वर्ष कुल 1, 58, 983 किसानों ने धान बेचने के लिए पंजीयन कराया है। आंकड़ों के अनुसार, अब तक केवल 98, 761 किसान ही अपना धान बेच पाए हैं। इसका अर्थ यह है कि लगभग 60, 222 से 65, 000 किसान ऐसे हैं जिन्हें अभी टोकन मिलना या धान बेचना शेष है। अब तक जिले में कुल 61, 48, 555 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है। शेष बचे 15 कार्य दिवसों में इतने बड़े पैमाने पर किसानों से धान खरीदना चुनौती है, क्योंकि इन दिनों में शनिवार, रविवार और मकर संक्रांति व 26 जनवरी जैसे सार्वजनिक अवकाश भी शामिल हैं। जैसे-जैसे जनवरी का महीना बीत रहा है, किसानों की बेचैनी बढ़ती जा रही है। किसानों का कहना है कि वर्तमान रफ्तार से सौ फीसदी धान खरीदी संभव नहीं। किसानों को आस है कि इस स्थिति में प्रशासन द्वारा किसान हित में धान खरीदी की अंतिम तिथि और बढ़ाई जाए।

## अब तक केवल 55 फीसदी किसान ही बेच पाए धान, बढ़ी किसानों की चिंता

### उठाव की धीमी गति ने बढ़ाई मुसीबत

धान खरीदी केंद्रों (समितियों) के सामने सबसे बड़ी समस्या खरीदे गए धान का उठाव न होना है। जानकारी के अनुसार, अब तक केवल 1, 28, 140.83 टन धान का ही मिलों या संग्रहण केंद्रों तक उठाव हो सका है। जिले के 133 केंद्रों में स्थिति यह है कि वहां धान रखने की निर्धारित क्षमता (बफर लिमिट) पूरी तरह भर चुकी है। समितियों के पास नया धान रखने के लिए जगह नहीं बची है। इससे समितियों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ बढ़ रहा है और धान के खराब होने का डर भी बना हुआ है।



### प्रशासन के सामने चुनौतियां

परिवहन की रफ्तार नहीं बढ़ी, तो नई खरीदी करना संभव नहीं होगा। जाम पड़े केंद्रों के कारण नए टोकन जारी करने में भी समस्या आ रही है। यदि अगले आने वाले दिनो में उठाव में तेजी नहीं आई, तो केंद्रों पर अव्यवस्था और बढ़ सकती है। वर्तमान में प्रशासन इस कोशिश में है कि परिवहन के लिए अतिरिक्त वाहनों की व्यवस्था की जाए ताकि केंद्रों को खाली कराया जा सके और शेष 65 हजार किसानों से समय पर धान लिया जा सके। किसानों को डर है कि यदि समय पर खरीदी नहीं हुई, तो उन्हें अपनी मेहनत की फसल को कम दाम पर बिचौलियों को बेचना पड़ सकता है।

## कार्रवाई : कोमाखान पुलिस की कार्रवाई, 35 किलो गांजा जब्त

# गांजा तस्करी के दो मामलों में पांच आरोपी गिरफ्तार किए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

गांजा के अवैध परिवहन के दो मामलों में कोमाखान पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार कर साढ़े 17 लाख रुपए का गांजा बरामद किया है। मामले में आरोपियों के विरूद्ध कोमाखान थाने में जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस ने बताया कि कोमाखान टीम को 9 जनवरी को सूचना मिली कि बड़ी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ गांजा ओडिशा से होकर महासमुंद के रास्ते से ले जाया जा रहा है। टीम सूचना पर टेमरी नाका के पास बैरिकेड लगाकर वाहन का इंतजार कर रही थी। इसी दौरान ओडिशा की ओर से एक सफेद रंग टोयोटा कार डीएल 10 सीई 1640 को आती दिखी, जिसे रोका गया। वाहन में तीन व्यक्ति सवार थे। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम विकास सिंह पिता दलबीर सिंह (30 वर्ष) सीसरखास थाना महम जिला रोहतक हरियाणा, प्रमोद माहोर पिता मूलचंद माहोर (28 वर्ष) म.नं. 1496 नजदीक रेलवे स्टेशन सोनारोवाला जोहाड सिटी थाना जिला भिवानी हरियाणा तथा प्रशांत डागा पिता सतीश डागा (24 वर्ष) ईशापुर थाना जाफरपुर नफजगढ दक्षिण पश्चिम दिल्ली होना बताए। संदेही पूछताछ में गोलमोल जवाब दे रहे थे। संदेह के आधार पर वाहन की तलाशी लिया तो पीछे डिक्की में बोरियों में अवैध रूप से गांजा रखना पाया गया। गांजा के संबंध में संदेहियों ने उसे ओडिशा के भवानीपटना से सीसरखास थाना महम जिला रोहतक हरियाणा ले जाना बताया। इस दौरान पुलिस ने कुल 30 किलोग्राम गांजा कीमत 15, 00, 000 रुपए, टोयोटा कार कीमत 3, 00, 000 रुपए वह 5 मोबाइल कुल 18, 37, 000 रुपए जब्त किया गया। वहीं आरोपियों को एनडीपीएस एक्ट के तहत थाना कोमाखान में कार्रवाई कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया।




### अन्य मामले में ढाई लाख का गांजा पकड़ा

इसी तरह दूसरे मामले में पुलिस को 8 जनवरी को मुखबीर से सूचना मिली कि 02 व्यक्ति एक लाल काले कलर की मोटर सायकल सीजी 04 डीआर 1169 में अवैध रूप से गांजा बोरी में भरकर ओडिशा राज्य से छत्तीसगढ़ महासमुंद की आ रहे हैं। इसके बाद टेमरी नाका के पास बाइक को रोककर चालक से संदेह के आधार पर पूछताछ किया गया। जिस पर उसने अपना नाम श्रवण कुमार मेहर पिता दासरथी मेहर (42 साल) निवासी चिचईगढ़ थाना जूनागढ़ जिला कालाहांडी ओडिशा एवं मोटर सायकल के पीछे बैठे व्यक्ति ने अपना नाम रोहित कुमार मेहर पिता नरोत्तम मेहर (23 साल) निवासी चिचईगढ़ थाना जूनागढ़ जिला कालाहांडी ओडिशा का रहने वाला बताया। संदेहियों के पास रखे बोरी की तलाशी लेने पर 5 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा कीमत 2, 50, 000 रुपए होना पाया गया। गांजा के अलावा पुलिस नेआरोपियों के कब्जे से बाइक, मोबाइल जब्त किया। आरोपियों विरूद्ध धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

# चलने-फिरने में लाचार बुजुर्ग पिता की लकड़ी से पीट-पीटकर हत्या

## आरोपी बेटे के खिलाफ जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

घर पर ही शौच कर देने से आक्रोशित युवक ने अपने बुजुर्ग पिता की लकड़ी से पीट-पीटकर हत्या कर दी। मामला ग्राम झगरेनडीह का है। रिपोर्ट पर सांकरा थाने में आरोपी बेटे के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

पुलिस ने बताया कि झगरेनडीह के कृष्ण कुमार बरिहा बरिहा ने एफआईआर में बताया कि उसके पिता भोलाराम बरिहा उम्र लगभग 80 साल मंझले भाई आनंद कुमार बरिहा के साथ हमारे घर के बगल में अलग रहते थे। दिन में जब भाई आनंद काम करने बाहर जाता, तब उसके पिता उम्र दराज होने से चल फिर नहीं सकने से घर पर ही शौच कर देते थे। इसी बात को लेकर उसका भाई आनंद बरिहा पिता से अक्सर गाली गलौज करता था।



प्रार्थी ने पुलिस को बताया कि 8 जनवरी की शाम करीब 7 बजे वह अपने घर में था, तभी छोटा भाई आनंद बरिहा पिता को घर में ही शौच कर देता है, बोलते हुए गाली गलौज कर तुमको जान से मार दूंगा कहकर मारपीट कर रहा था। आवाज सुनकर वह अपनी पत्नी रीना बरिहा के साथ घर से बाहर निकला और जाकर देखा तो पिताजी भोला बरिहा खाट में पड़े थे और आनंद बरिहा उन्हें लकड़ी से मार रहा था, जिससे उसके पिताजी के सिर में गंभीर चोट लगी। नाक और मुंह से खून निकल रहा था, जिसे आनंद और मारने का प्रयास कर रहा था। तब प्रार्थी ने पिता को बचाने बीच बचाव किया। जिस पर आनंद दीवार से टकरा कर जमीन पर गिर गया, जिससे आनंद के सिर व कंधे में चोट आई है।

इसके बाद मोबाइल से डायल 112 को गाड़ी को बुलाया और घायल पिता और भाई आनंद को ईलाज के लिये सरकारी अस्पताल बसना लेकर आए। जहां डॉक्टर ने इलाज के दौरान पिता भोला बरिहा को मृत घोषित कर दिया, वहीं घायल आनंद का इलाज अस्पताल में चल रहा है। मामले की रिपोर्ट पर सांकरा थाने पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 103(1) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# कोमा नाला के पास जुआ खेल रहे आठ लोगों पर कार्रवाई

**महासमुंद।** कोमा नाला के पास भर्री में जुआ खेल रहे आठ लोगों के खिलाफ खल्लारी पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से नगदी रकम के अलावा बाइक व मोबाइल बरामद किया। पुलिस ने मुखबिर सूचना के आधार पर 8 जनवरी को कोमा नाला के पास भर्री ग्राम कोमा में चल रहे जुआ फड़ पर छापामार कार्रवाई की। यहां कई लोग जुआ खेलते पाए गए। मौके पर कुछ लोग भाग निकले, वहीं कुछ पकड़े गए। पुलिस ने पकड़े गए लोगों के कब्जे से नगदी रकम, मोबाइल व वाहन जब्त किए हैं। जुआ खेल रहे जिन लोगों पर कार्रवाई गई उनमें दामोदर बघेल पिता मुरली बघेल (29 वर्ष) बागबाहरा थाना बागबाहरा जिला महासमुंद, नरेश कुमार साहू पिता गणेश साहू (30 वर्ष) बोईरगांव थाना खल्लारी, ज्ञानेंद्र बहादुर पिता स्व राजेंद्र बहादुर (24 वर्ष) बागबाहरा, शंकर लाल पिता रामलाल सतनामी (28 वर्ष) कन्हारपुरी थाना खल्लारी, संजय कुमार पिता प्रमोद कुमार डोंगरे (31 वर्ष) शांतिनगर बागबाहरा थाना बागबाहरा, ओमप्रकाश साहू पिता स्व कुसुराम साहू (32 वर्ष) एमकेबाहरा थाना खल्लारी, हरीशचंद्र पटेल पिता राजकुमार पटेल (24 वर्ष) एमकेबाहरा थाना खल्लारी जिला महासमुंद, मनीष चंद्राकर पिता ईश्वर चंद्राकर (56 वर्ष) कोमा थाना खल्लारी जिला महासमुंद शामिल हैं। आरोपियों के पास से पुलिस ने नगद रकम व वाहन समेत कुल 217240 रुपए के जब्त किया। आरोपियों के विरूद्ध धारा 3(2) छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई।

# पटेवा में डीईओ का पुतला दहन, श्रीराम के अपमान के आरोप में उग्र विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झलप/महासमुंद

कक्षा 4 की अर्द्धवार्षिक परीक्षा में पूछे गए एक विवादित प्रश्न को लेकर शुक्रवार को पटेवा में माहौल बेहद तनावपूर्ण रहा। विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के आह्वान पर बड़ी संख्या में लोगों ने एकत्र होकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया और जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे का पुतला दहन किया।

प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि कक्षा 4 की परीक्षा में "कुत्ते का नाम" से संबंधित एक प्रश्न में विकल्प के रूप में "राम" नाम शामिल किया गया, जो मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का घोर अपमान है और इससे हिंदू समाज की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। प्रश्न सामने आते ही जिलेभर में आक्रोश फैल गया और इसे सनातन आस्था पर सीधा प्रहार बताया गया। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के पदाधिकारियों ने इसे जानबूझकर किया गया कृत्य बताते हुए जिला शिक्षा अधिकारी को इस पूरे मामले का जिम्मेदार ठहराया। प्रदर्शन के बाद कार्यकर्ता पटेवा थाने पहुंचे, जहां प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर डीईओ विजय कुमार लहरे के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने तथा दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की गई।



प्रदर्शन को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि शिक्षा जैसा पवित्र क्षेत्र बच्चों के चरित्र निर्माण और संस्कारों की नींव होता है। ऐसे आपत्तिजनक प्रश्न न केवल समाज में वैमनस्य फैलाते हैं, बल्कि भविष्य की पीढ़ी को भी गलत संदेश देते हैं। उन्होंने दो टूक कहा कि भगवान श्रीराम करोड़ों हिंदुओं की आस्था का केंद्र हैं और उनके सम्मान से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। वक्ताओं ने प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि इस मामले में शीघ्र, निष्पक्ष और कठोर कार्रवाई नहीं की गई, तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

इस विरोध प्रदर्शन में प्रमुख रूप से त्रिलोक शर्मा (जिला संयोजक, धर्म जागरण), सुनील पटेल (अध्यक्ष, व्यापारी संघ पटेवा), प्रकाश पटेल (प्रतिनिधि, जिला पंचायत), हितेश देवांगन, लीलाधर नायक, मनोहर साहू (सामाजिक कार्यकर्ता), प्रीतम गजेंद्र (युवा नेता), नीतीश गजेंद्र (विहिप प्रखंड मंत्री, ग्रामीण), विकास अग्रवाल, राजू शुक्ला, कमलेश पटेल, जितेंद्र साहू, लोकु सेन, शंकर अग्रवाल, पवन यादव, मनीष सेन, प्रेम पटेल, वासुदेव साहू, विवेक पटेल, खेमराज पटेल एवं सामाजिक कार्यकर्ता मनोज यादव सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

## लापरवाही पर कटेगा भारी चालान, विभाग ने की तैयारी

# वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में वाहन सुरक्षा को पुख्ता करने और चोरी तथा तस्करी जैसी वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए परिवहन विभाग ने हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगवाना अनिवार्य कर दिया है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि जिन वाहनों में यह विशेष नंबर प्लेट नहीं होगी, उन पर भारी जुर्माना लगाया जाएगा। ट्रैफिक पुलिस के साथ मिलकर जल्द ही इसके लिए सघन चेकिंग अभियान शुरू किया जाएगा। यह न केवल वाहन की पहचान को सुरक्षित करती है, बल्कि यह फर्जी नंबर प्लेट के इस्तेमाल को भी रोकती है।



विभागीय नियमों के अनुसार, 1 अप्रैल 2019 से पहले पंजीकृत सभी वाहनों में यह प्लेट लगवाना अनिवार्य है। इसके बिना वाहन को बेचने या खरीदने में भी मालिकों को बड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। नंबर प्लेट लगवाने की तुलना में चालान की राशि कई गुना अधिक है। दोपहिया वाहन में फिटमेंट का खर्च करीब 500 रुपए है, लेकिन प्लेट न होने पर 1000 रुपए तक का जुर्माना देना पड़ सकता है। वहीं चार पहिया वाहन में किटमेंट का खर्च लगभग 800 रुपए है, जबकि चालान की राशि 5000 से 10, 000 रुपए तक हो सकती है। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार वर्तमान में किसान खेती और धान खरीदी में व्यस्त हैं। इसे देखते हुए फरवरी महीने से ब्लॉक और ग्राम स्तर पर विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया जाएगा और उनके क्षेत्र में ही प्लेट लगवाने की सुविधा दी जाएगी।

### जिले की स्थिति और लक्ष्य

जिले में कुल 1, 78, 677 वाहनों में एचएसआरपी नंबर प्लेट लगाने का लक्ष्य रखा गया है। अप्रैल 2025 से शुरू हुए अभियान में अब तक केवल 25, 420 लोगों ने ही आवेदन किया है, जिनमें से 20, 629 वाहनों में प्लेट लगाई जा चुकी है। अब भी 1, 58, 048 वाहन ऐसे हैं जिनमें एचएसआरपी नहीं लगी है। आवेदन की धीमी रफ्तार का मुख्य कारण लोगों में जागरूकता की कमी और ग्रामीणों की व्यस्तता को माना जा रहा है।

### नंबर प्लेट टूटने पर लिखाने होंगे रिपोर्ट

यदि एचएसआरपी प्लेट गिर जाती है या क्षतिग्रस्त हो जाती है, तो दूसरी प्लेट प्राप्त करने की प्रक्रिया थोड़ी कठिन है। वाहन मालिक को सबसे पहले थाने में प्लेट गुम होने या टूटने की रिपोर्ट दर्ज करानी होगी, उसके बाद ही नई नंबर प्लेट जारी की जाएगी। भारी जुर्माने और कानूनी कार्रवाई से बचने के लिए समय रहते जिला परिवहन कार्यालय या नजदीकी सुविधा केंद्र में आवेदन कर अपनी नंबर प्लेट बदलवा लें।

# अवैध धान परिवहन पर सख्त कार्रवाई, 3 अलग-अलग मामलों में कुल 1420 कट्टा धान जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार अवैध धान परिवहन के विरुद्ध सतत कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में विकासखंड सरायपाली एवं बागबाहरा क्षेत्र में संयुक्त टीम द्वारा अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए कुल 1420 कट्टा अवैध धान जब्त किया गया।

विकासखंड सरायपाली अंतर्गत एसडीएम अनुपमा आनंद के नेतृत्व में संयुक्त टीम द्वारा ओड़िशा राज्य से अवैध रूप से धान परिवहन करते हुए कोचिया विद्या मिरि के पिकअप वाहन को पकड़ा गया। वाहन में कुल 70 कट्टा धान लोड था। मौके पर धान सहित वाहन को जब्त कर अग्रिम कार्रवाई के लिए थाना सिंघोड़ा को सुपुर्द किया गया। वहीं बागबाहरा विकासखंड अंतर्गत एसडीएम नमिता मारकोले के नेतृत्व में संयुक्त टीम द्वारा ग्राम छुईहा में अवैध धान परिवहन के दो अलग-अलग मामलों में कार्रवाई की गई। पहले मामले में एक ट्रक को रोककर जांच की गई, जिसमें लगभग 600 कट्टा धान अवैध रूप से परिवहन करते पाया गया। धान को जब्त कर नियमानुसार मंडी के सुपुर्द किया गया। इसके अलावा ग्राम छुईहा में ही दूसरी कार्रवाई करते हुए एक अन्य वाहन से लगभग 750 कट्टा अवैध धान जब्त किया गया। इस धान को भी मंडी के सुपुर्द करते हुए आगे की वैधानिक प्रक्रिया प्रारंभ की गई। जिला प्रशासन ने निर्देशित किया है कि जिले में अवैध धान परिवहन, भंडारण एवं खरीदी के विरुद्ध कार्रवाई आगे भी सख्ती से जारी रहेगी।



## खबर संक्षेप

### साझेदार बनाने का का झांसा देकर लाखों की ठगी

**रायपुर।** सिविल लाइंस थाना में एक कपड़ा कारोबारी ने तीन ट्रांसपोर्ट कारोबारी के खिलाफ ट्रांसपोर्ट कारोबार में साझीदार बनाने का झांसा देकर 46 लाख रुपए ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। शैलेंद्र नगर निवासी राजेश तलरेजा ने बलबीर सिंग सेंस, शबनम खान, नवनीत कौर के खिलाफ ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। कारोबारी ने पुलिस को बताया है कि वह उन तीनों को पहले से जानता था। इस बात का फायदा उठाकर तीनों ने राजेश को ट्रांसपोर्ट कारोबार में मुनाफा मिलने का झांसा देकर अपना साझेदार बनाकर कारोबारी से रकम लेकर ठगी का शिकार बनाया।

### अमित बघेल के खिलाफ अपराध दर्ज

**रायपुर।** केंद्रीय जेल रायपुर में बंद छत्तीसगढ़ क्रांति सेना के अध्यक्ष अमित बघेल के खिलाफ महाराष्ट्र के एक डॉक्टर ने देवेंद्र नगर थाना में धार्मिक भावना आहत करने के साथ वैमनस्यता फैलाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। अमित बघेल के खिलाफ महाराष्ट्र, उल्हासनगर निवासी डा. हितेश सुनील सेचवाणी ने शिकायत दर्ज कराई है। इसके पहले अमित बघेल के खिलाफ 10 से ज्यादा मामले दर्ज हैं।

### गांजा तस्करी करते बिहार का युवक गिरफ्तार

**रायपुर।** खमतराई थाने की पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बिहार के एक युवक के कब्जे से 40 हजार रुपए कीमत का 5 किलो गांजा जब्त किया है। पुलिस के अनुसार बिहार, वीरगंज निवासी वैदेही कुमार सिंह के कब्जे से गांजा जब्त किया गया है। पूछताछ करने पर वैदेही ने पुलिस को बताया है कि वह बाइक में बिहार से तस्करी कर गांजा बेचने के लिए ले जा रहा था। पुलिस ने वैदेही को उरकुरा के पास बाइक में गांजा ले जाते गिरफ्तार किया है।

### युवक शराब के साथ गिरफ्तार

**रायपुर।** तेलीबांधा थाने की पुलिस ने एक युवक के कब्जे से 30 पौवा देशी शराब के साथ शराब बिक्री की रकम तीन हजार एक सौ रुपए जब्त की है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मरीन ड्राइव, बीएसयूपी कालोनी देवारपारा में छापा मारकर संदीप नागरिया के कब्जे से शराब जब्त की है। पुलिस के अनुसार संदीप शराब दुकान बंद होने के बाद ज्यादा कीमत पर लोगों को शराब बेचता था।

### आयोजन : कविता-संग्रह 'दिलवालों का देश कहां' विमोचित, कार्यक्रम में जुटे प्रदेशभर के साहित्यकार

# देश की असली छवि वहां के साहित्य में देखिए : चित्तरंजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

श्रृंखला साहित्य मंच पिथौरा द्वारा 6 जनवरी को छत्तीसगढ़ के तहसील मुख्यालय पिथौरा में आयोजित समारोह में प्रदेश के वरिष्ठ साहित्यकार और श्रृंखला मंच के वरिष्ठ सदस्य स्वराज्य करुण के कविता-संग्रह 'दिलवालों का देश कहां' का विमोचन किया गया। वरिष्ठ साहित्यकार, भाषा-विज्ञानी और छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा पंडित सुंदरलाल शर्मा राज्य अलंकरण से सम्मानित डॉ. चित्तरंजन कर ने मुख्य अतिथि की आसंदी से इस पुस्तक का विमोचन किया। समारोह की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ के राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त वरिष्ठ साहित्यकार और उत्तरप्रदेश हिंदी संस्थान से साहित्य भूषण सम्मान प्राप्त कवि, पत्रकार और लेखक गिरीश पंकज ने की। विशेष अतिथि के रूप में वरिष्ठ साहित्यकार और छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जन -जाति आयोग के पूर्व अध्यक्ष जीआर राना और पिथौरा निवासी सुप्रसिद्ध कहानीकार और उपन्यासकार शिवशंकर पटनायक उपस्थित थे।

समारोह को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ. चित्तरंजन कर ने कहा कि किसी भी देश की असली छवि अगर देखनी हो, तो वहां के साहित्य में देखिए। उन्होंने कहा कि साहित्य रचना कोई शौक नहीं, कोई मौज नहीं, कोई चाय की चुस्की नहीं, बल्कि एक चेतना है, वेदना है, संवेदना है, जो रचनाकार को लिखने के लिए प्रेरित करती है। साहित्यकार समाज रुपी शरीर का मुख है, वह समाज के दर्द को महसूस कर उसे अपने शब्दों से अभिव्यक्ति देता है। उन्होंने कहा कि समय के साथ देश, दुनिया में और समाज में परिवर्तन तो ठीक है, लेकिन मानवीय मूल्यों का जो विघटन हो रहा है, वह चिंताजनक है। डॉ. कर ने कहा कि साहित्य संस्कार है और भाषा संस्कृति है। साहित्य हमें अच्छे संस्कार देकर मनुष्य बनना सिखाता है। हजारों वर्ष पुरानी पंचतंत्र की कहानियाँ और जातक कथाएं आज भी इसका उदाहरण हैं। डॉ. कर ने कविताओं के संदर्भ में कहा कि दुनिया में जब तक गीत हैं, तब तक संवेदना है और जब तक संवेदना है, तब तक मनुष्यता है। उन्होंने कहा कि करुणा ही कविता रचती है। स्वराज्य करुण के कविता-संग्रह 'दिलवालों का देश कहां' में संकलित उनकी कविताओं में इसे महसूस किया जा सकता है। इन कविताओं की हर पंक्ति सारगर्भित है। संग्रह की हर कविता में देशज भावनाएं हैं और मानवीय संवेदनाएँ हैं। इनमें वैचारिक रूप से उदात्त भावनाएं हैं।



समारोह को संबोधित करते हुए अध्यक्षीय आसंदी से वरिष्ठ साहित्यकार और पत्रकार गिरीश पंकज ने कहा कि आज के दौर में लिखी जा रही कई कविताओं में कलात्मकता तो होती है, लेकिन उनमें भाषा की धार नहीं होती, सिर्फ शब्दों की जादूगरी होती है, जबकि उनमें मानवीय संवेदनाओं के साथ सामाजिक सरोकार भी होना चाहिए। स्वराज्य करुण के रचना-कर्म से मैं किसी न किसी रूप में विगत लगभग चालीस वर्षों से परिचित हूँ वे लोक मंगल, सामाजिक-सरोकार और लोक जागरण के कवि है। उनकी कविताओं में समाज का दर्द दिखाई देता है। उनके कविता-संग्रह 'दिलवालों का देश कहां' का उल्लेख करते हुए गिरीश पंकज ने कहा कि कवि चिंतित है कि धीरे -धीरे यह देश धन वालों का देश होता जा रहा है, इसलिए दिलवालों का देश हाशिए पर चला गया है। कवि स्वराज्य करुण उस देश को हाशिए से राष्ट्र के केंद्र में लाना चाहते हैं। उनके संग्रह की कविताओं में रोमांस नहीं बल्कि समाज की पीड़ा की अभिव्यक्ति है। समाज में जो कुछ भी पीड़ादायक घटित हो रहा है, उसे यह कवि बेबाक तरीके से कहता है। कहीं कोई लुका छिपी नहीं। इसीलिए मुझे स्वराज्य करुण की काव्य -यात्रा शुरु से पसंद है। गिरीश पंकज ने कहा कि उनके इस संग्रह की कविताएं हमें सोचने के लिए विवश करती हैं। इनमें गीत भी हैं और ग़ज़लें भी। सबसे अच्छी बात ये है कि ये सभी छंदबद्ध रचनाएं हैं। पंकज ने पिथौरा के एक अच्छे और सकारात्मक साहित्यिक वातावरण का उल्लेख करते हुए इसके लिए श्रृंखला साहित्य मंच की तारीफ़ की। उन्होंने कहा कि यहाँ के कवियों में और साहित्य प्रेमियों में कोई बनावटीपन नहीं, बल्कि सहजता, सरलता और आत्मीयता है, इसलिए पिथौरा आना मुझे अच्छा लगता है।

विशेष अतिथि जीआर राना ने आज के समय में गांवों की जीवन शैली में आ रहे निराशाजनक बदलाव पर चिंता प्रकट की। उन्होंने कहा कि बचपन में हम जिस बरगद की शाखाओं में खेलते और झूलते थे, जो हमें शीतल छाया देती थीं, वे शाखाएं 'बॉब कट 'तरह कटती जा रही हैं। अब ना तो कहीं दाऊ का बाड़ा है और न ही बरगद और पीपल छाँव। इसी संदर्भ में उन्होंने अपनी एक लोकप्रिय छत्तीसगढ़ी कविता की भी पंक्तियां पढ़कर सुनाई - मोर गांव गंवागे संगी, मय कहाँ रिपोर्ट लिखांव? जीआर राना ने कहा कि स्वराज्य करुण के कविता-संग्रह के शीर्षक 'दिलवालों का देश कहाँ' में हमारे खोए हुए गाँव की तरह खोए हुए देश के लिए चिंता झलकती है. आइए, हम सब मिलकर उस देश को खोजें। विशेष अतिथि वरिष्ठ कहानीकार और उपन्यासकार शिवशंकर पटनायक ने भी कविता संग्रह की प्रशंसा की। महासमुंद के कवि अशोक शर्मा ने संग्रह का उल्लेख करते हुए इस अवसर पर कहा कि साहित्यिक रचनाओं के शब्दों से समाज को ऊर्जा मिलती है। उन्होंने कहा कि साहित्य सदैव शाश्वत होता है। स्वागत भाषण श्रृंखला साहित्य मंच के अध्यक्ष प्रवीण प्रवाह ने दिया। समारोह का संचालन साहित्य मंच के पूर्व अध्यक्ष उमेश दीक्षित ने किया। इस अवसर पर श्रृंखला साहित्य मंच के सचिव संतोष गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष अनूप दीक्षित, वरिष्ठ सदस्य शशि कुमार डड़सेना, एफए नंद, माधव तिवारी, डॉ. जीतेश्वरी साहू, गुरप्रीत कौर सहित महासमुंद के बंधु राजेश्वर खरे, बागबाहरा के रुपेश तिवारी, धनराज साहू और हबीब समर, कोमाखान के डॉ. विजय शर्मा और किसान दीवान, बसना के बद्री प्रसाद पुरोहित, अभनपुर के ललित शर्मा, सांकरा (जोंक) के जवाहर लाल नायक, रायपुर की माधुरी कर, पिथौरा के मधुसूदन महांती, रितेश महांती, आकाश महांती, मनोहर साहू, विवेक दीक्षित, गुरुचरण सिंह सलूजा, अनंत सिंह वर्मा, रमेश भोई, रमाशंकर पांडेय, सविता डे, सुप्रिया दास, नरेंद्र जोशी, ग्राम खुटेरी के घनश्याम धांधी, सरायपाली के डॉ. पीतांबर साहू तथा बड़ी संख्या में आंचलिक साहित्यकार और साहित्य प्रेमी नागरिक मौजूद थे। अंत में डॉ. चित्तरंजन कर ने स्वराज्य करुण के कविता संग्रह के कुछ गीतों के साथ प्रवीण प्रवाह की एक ग़ज़ल का भी अपनी आवाज़ में संगीतमय प्रस्तुतिकरण किया। उनके साथ तबले पर सरायपाली के डॉ. प्रदीप साहू ने संगत की। आभार प्रदर्शन श्रृंखला साहित्य मंच के पूर्व अध्यक्ष अनूप दीक्षित ने किया।

## राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत 33 चालानी कार्रवाई हुई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत जिला स्तर पर तंबाकू नियंत्रण को लेकर कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई. नागेश्वर राव के निर्देशन एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक नीलू घृतलहरे के मार्गदर्शन तथा जिला नोडल अधिकारी एनटीसीपी डॉ. छत्रपाल चंद्राकर के सहयोग से की गई। संयुक्त प्रवर्तन दल द्वारा जिला चिकित्सालय खरोरा के समीप स्थित तंबाकू विक्रय करने वाली दुकानों के साथ-साथ पिटियाझर एवं कुम्हारपारा क्षेत्र में शैक्षणिक संस्थानों के आसपास स्थित दुकानों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने कोटपा एक्ट 2003 (सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम, 2003) के तहत कार्रवाई की। औषधि निरीक्षक प्रियंका दीवान द्वारा कोटपा एक्ट 2003 की धारा 04 (सार्वजनिक स्थानों में धूम्रपान पर प्रतिबंध), धारा 06(अ) (नाबालिगों को तंबाकू उत्पाद की बिक्री एवं उपयोग पर प्रतिबंध) तथा धारा 06(ब) (शैक्षणिक संस्थानों के 100 गज के दायरे में तंबाकू उत्पाद की बिक्री पर प्रतिबंध) के उल्लंघन पर कुल 33 चालान काटे गए। कार्रवाई के दौरान पुलिस विभाग से आरक्षक हेमलाल निषाद का विशेष सहयोग रहा।

## छत्तीसगढ़ राज्य की रजत जयंती पर बेलसोंडा के राशन दुकान में चावल उत्सव का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना की रजत जयंती पर ग्राम बेलसोंडा स्थित शासकीय उचित मूल्य (राशन) दुकान में चावल उत्सव का आयोजन किया गया। जनपद पंचायत उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने राज्य सरकार की जनहितैषी योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार गरीब, किसान एवं श्रमिक वर्ग के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही है। चावल उत्सव के माध्यम से पात्र हितग्राहियों को समय पर और पारदर्शी ढंग से राशन उपलब्ध कराया जा रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम सरपंच प्रीत बाई धीवर ने की। उन्होंने कहा कि रजत जयंती वर्ष में आयोजित चावल उत्सव राज्य सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिससे ग्रामीणों को सीधे लाभ मिल रहा है। कार्यक्रम मंम ग्राम पंचायत के पंचगण राजेश्वर चंद्राकर, लेनदास कौसरे, भारती ध्रुव, मीना धीवर एवं नमर्दा धीवर की उपस्थिति रही। साथ ही ग्राम पंचायत सचिव नेहा उपाध्याय एवं त्रिभुवन धीवर (सरपंच प्रतिनिधि) भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर पंचगणों, जनप्रतिनिधियों एवं उपस्थित अतिथियों ने राशन वितरण व्यवस्था का अवलोकन किया और ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। चावल उत्सव का आयोजन सुबह 11 बजे किया गया, जो शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक हुआ। आयोजन को लेकर ग्रामवासियों में उत्साह एवं सकारात्मक माहौल देखने को मिला।



### खाद्य विश्लेषक जांच रिपोर्ट में सुपारी का नमूना अवमानक घोषित, 15 लाख 50 हजार जुर्माने से दंडित

**महासमुंद।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार अभिहित अधिकारी खाद्य एवं औषधि प्रशासन के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सिंघोड़ा सरायपाली से प्राप्त सूचना के आधार पर शंखनाद भोई खाद्य सुरक्षा अधिकारी के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के टीम के द्वारा 24 जनवरी 2025 को थाना-सिंघोड़ा परिसर में ट्रक कंटेनर का जांच किया गया। खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत सुपारी का विधिक जांच कर मौके पर प्रकरण तैयार किया गया। खाद्य पदार्थ सुपारी के मालिक एवं ट्रक संचालक द्वारा वैध खाद्य अनुज्ञप्ति प्रस्तुत नही किया गया। जांच के दौरान मौके से सुपारी के नमूना लेकर गुणवत्ता जांच हेतु खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला को प्रेषित किया गया। खाद्य विश्लेषक के जांच रिपोर्ट अनुसार सुपारी का नमूना को अवमानक घोषित किया गया। शंखनाद भोई खाद्य सुरक्षा अधिकारी के द्वारा अभिहित अधिकारी खाद्य एवं औषधि प्रशासन से अभियोजन स्वीकृति प्राप्त कर अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी एवं न्याय निर्णयन अधिकारी महासमुंद के न्यायालय में विचारण के लिए प्रस्तुत किया गया। प्रकरण में विचारण के पश्चात सुपारी संचालक राजकमल सिंह, फर्म मेसर्स कमल इंटरप्राईजेस, कोलकाता को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के धारा 31 (1) एवं 26(2)(पप) के उल्लंघन प्रमाणित पाये जाने के कारण धारा 51 एवं 63 के तहत कुल रुपए 15 लाख के जुर्माने से दंडित किया गया है। खाद्य सुरक्षा एव मानक अधिनियम 2006 के धारा 31 (1) के उल्लंघन प्रमाणित पाये जाने पर कंटेनर खाद्य परिवाहक का मालिक मुकेश साहनी को धारा 63 के तहत 50 हजार रुपये के जुर्माने से दंडित किया गया है।

### रबी धान फसल की रोपाई शुरू



**नर्रा।** क्षेत्र में इन दिनों साधन संपन्न ट्यूबवेल वाले किसान रबी सीजन के तहत धान की बुआई एवं रोपाई कार्य में हुए व्यस्त।

## अज्ञात बदमाशों ने युवक को चाकू मारकर मौत के घाट उतारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- देवेंद्र नगर थाना क्षेत्र की घटना, आरोपियों की अब तक पहचान नही

देवेंद्र नगर थाना क्षेत्र में मामूली विवाद पर एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। घटना बुधवार-गुरुवार दरमियानी रात की है। आरोपियों की अब तक पहचान नहीं हो पाई है। आरोपियों की पहचान करने पुलिस घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की पड़ताल कर रही है। घटना स्थल के पास पुलिस को कुछ संदेहियों के सीसीटीवी फूटेज मिले हैं, लेकिन यह स्पष्ट नहीं हो पा रहा है कि संदेही कौन लोग हैं।बदमाशों ने फाफाडीह, फोकटपारा निवासी अमर लोहरा (29) की चाकू मारकर हत्या की है। पुलिस के अनुसार घटना दिनांक को पेट्रोलिंग टीम गश्त पर निकली थी। शराब भट्ठी के आगे पेट्रोलिंग टीम को रोड पर खून से लथपथ गंभीर रूप से घायल अमर औंधे मुंह लेटा मिला। अमर के पेट, हाथ तथा शरीर के कई हिस्सों में गहरे जख्म के निशान मिले। गंभीर रूप से घायल युवक को पुलिस उपचार के लिए आंबेडकर अस्पताल लेकर गई, जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक पेशे से मजदूर है, शराब पीने का आदी है।

## फाइलेरिया उन्मूलन के लिए जन जागरुकता अभियान शुरू

### 10 फरवरी से सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम प्रारंभ

**महासमुंद।** जिले के पिथौरा ब्लॉक में फाइलेरिया (हाथीपांव) जैसी गंभीर बीमारी को जड़ से खत्म करने के लिए व्यापक जनजागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। सरपंच समूह के सहयोग से आयोजित इस अभियान में स्थानीय जनप्रतिनिधि और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने फाइलेरिया रोग के बारे में जानकारी साझा की, जिसमें रोग के कारण, लक्षण, बचाव के उपाय और सामूहिक दवा सेवन (एमडीए) कार्यक्रम पर जोर दिया गया। फाइलेरिया एक मच्छर जनित रोग है, जो असमय उपचार न होने पर हाथ, पैर या अन्य अंगों में स्थायी सूजन का कारण बन सकता है। जिला समन्वयक पीसीआई अनिल कुमार बघेल ने बताया कि इस बीमारी से बचाव के लिए साल में एक बार सभी पात्र व्यक्तियों को दवा का सेवन कराना जरूरी है। वर्ष 2026 में फाइलेरिया उन्मूलन के लिए एमडीए कार्यक्रम महासमुंद जिले में 10 फरवरी से 25 फरवरी तक चलेगा। इस दौरान स्वास्थ्य कर्मी घर-घर जाकर दवा वितरित करेंगे। सरपंचों को पंचायत स्तर पर सहयोग के तरीके बताए गए, जैसे मुनादी के माध्यम से प्रचार, नारा लेखन, पोस्टर लगाना, ग्राम सभा में चर्चा तथा आशा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और मितानिनों के साथ समन्वय। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि कोई भी पात्र व्यक्ति दवा से वंचित न रहे। अभियान में सभी जनप्रतिनिधियों और नागरिकों से अपील की गई है कि वे सक्रिय रूप से भाग लें, स्वयं दवा लें और परिवार व पड़ोसियों को प्रेरित करें।

*एक ने नाली में कचरा डाला, दूसरे के यहां एसटीपी नहीं*

## नैवेद्य और गुजरात मिष्ठान पर निगम ने ठोका जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम की स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही ने जन शिकायत पर दो नमकीन खाद्य दुकानों में सफाई व्यवस्था की पड़ताल की। इस दौरान नैवेद्य फैक्ट्री द्वारा नगर निगम की नालियों में कचरा डाले जाने से नालियां जाम होने की जनशिकायत सही पाई गई। स्वास्थ्य अधिकारी ने फैक्ट्री संचालक पर तत्काल 10 हजार रुपए का जुर्माना करते हुए स्वच्छता व्यवस्था सुधारने निर्देश दिए। इसी प्रकार जोन 4 क्षेत्र के गुजराती मिष्ठान भंडार के औचक निरीक्षण के दौरान एसटीपी नहीं मिलने पर डॉ. पाणिग्रही ने मिनी एसटीपी लगाए जाने नोटिस जारी कर निर्देश दिए। एसटीपी नहीं मिलने पर तत्काल 5 हजार रुपए ई जुर्माना वसूला गया। कार्रवाई के दौरान नगर निगम जोन 4 के जोन स्वास्थ्य अधिकारी वीरेन्द्र चंद्राकर, निगम मुख्यालय के स्वच्छता निरीक्षक गिरिजेश तिवारी की उपस्थिति रही।

### जनशिकायत पर सफाई की पड़ताल



### हॉटल में गंदगी, जुर्माना

नगर निगम जोन 10 के स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जोन कमिश्नर विवेकानंद दुबे के निर्देश पर जनशिकायत की वस्तुस्थिति की जानकारी लेने हॉटल गुरूकृपा की स्वच्छता का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान हॉटल में गंदगी पाई गई। जन शिकायत सही मिलने पर जोन स्वास्थ्य अधिकारी ने हॉटल संचालक पर 2,500 रुपए का ई जुर्माना किया।

### वाल्व प्रत्यारोपण के दौरान बंद हुईं हृदय की नसें, स्टेंट से "चिमनी" बनाकर बचाई जान

# कैल्शियम के कारण कठोर हो गया वाल्व दिल की पंपिंग क्षमता रह गई थी मात्र 20%

*आंबेडकर अस्पताल का मामला, सांस फूलने की शिकायत लेकर पहुंची थी बुजुर्ग महिला*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आंबेडकर अस्पताल में ह्दय की जटिल शल्यक्रिया की गई। रायपुर निवासी एक बुजुर्ग महिला लंबे समय से सांस फूलने एवं हार्ट फेलियर से पीड़ित थी। जांच में सामने आया कि उनका ऑर्टिक वाल्व पूरी तरह कैल्शियम से कठोर हो चुका था, जिसके कारण हृदय की पंपिंग क्षमता मात्र 20 प्रतिशत रह गई थी। कार्डियोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. स्मित श्रीवास्तव के अनुसार इस अवस्था में ओपन हार्ट सर्जरी अत्यंत जोखिमपूर्ण एवं लगभग असंभव थी। बिना चीर-फाड़ के पैर की नस के माध्यम से वाल्व प्रत्यारोपण का निर्णय लिया गया।



मरीज की पैर की नसें पतली एवं कैल्शियम युक्त थीं, जिससे वाल्व डिलीवरी सिस्टम को हृदय तक पहुंचाना अत्यंत चुनौतीपूर्ण था। साथ ही, जन्मजात संरचनात्मक विसंगति के कारण हृदय की कोरोनरी धमनियां वाल्व के काफी समीप थीं, जिससे वाल्व प्रत्यारोपण के दौरान दोनों धमनियों के बंद होने का गंभीर खतरा था। इस जटिलता से निपटने के लिए विशेषज्ञों ने दोनों कोरोनरी धमनियों में स्टेंट डालकर उनके और वाल्व के बीच "चिमनी" संरचना तैयार की। प्रक्रिया के अंतिम चरण में वाल्व डिलीवरी के दौरान बाएं पैर की नस में ब्लॉकेज उत्पन्न हो गया, जिसे दाहिने पैर के रास्ते तत्काल बलून एंजियोप्लास्टी कर रक्त प्रवाह पुनः स्थापित किया गया।

### स्टैंडबाई में रही ओपन हार्ट सर्जरी टीम

लगभग चार घंटे चली इस जटिल प्रक्रिया के पश्चात ऑपरेशन टेबल पर ही मरीज के ऑर्टिक वाल्व का प्रेशर 80 से घटकर शून्य हो गया और हृदय की पंपिंग क्षमता 20 प्रतिशत से बढ़कर 60 प्रतिशत हो गई। दोनों कोरोनरी धमनियों में रक्त प्रवाह सामान्य रहा तथा हृदय की धड़कन पूरी तरह स्थिर रही। प्रक्रिया के दौरान अनहोनी की आशंका को देखते हुए सुरक्षा के दृष्टिकोण से ओपन हार्ट सर्जरी की टीम को स्टैंडबाई में रखा गया। इस दौरान हृदय की धड़कन अनियमित होने की आशंका को देखते हुए 24 घंटे के लिए टेम्परेरी पेसमेकर का बैकअप सुनिश्चित किया गया।

### मरीज डिस्चार्ज

मरीज वर्तमान में स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर डिस्चार्ज लेकर अपने घर जा चुकी है। चिकित्सा महाविद्यालय के अधिष्ठाता प्रो. विवेक चौधरी ने बताया कि वर्ष 2025 में कार्डियोलॉजी विभाग द्वारा 2600 से अधिक जटिल हृदय प्रक्रियाएं सफलतापूर्वक की गईं। अस्पताल अधीक्षक प्रो. डॉ. संतोष सोनकर ने इसके लिए कार्डियोलॉजी टीम को बधाई दी। कार्डियोलॉजी विभागाध्यक्ष सहित कार्डियक सर्जरी विभागाध्यक्ष डॉ. कृष्णकांत साहू, डॉ. शिवकुमार शर्मा, डॉ. कुणाल ओस्तवाल, डॉ. प्रतीक गुप्ता, डॉ. सौम्या, डॉ. वैभव एवं डॉ. प्रिंस इस ऑपरेशन का हिस्सा रहे।




# जिपं सीईओ ने की समग्र शिक्षा अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- जिपं के सभाकक्ष में हुई बैठक विकासखंडवार शाला त्यागी बच्चों की समीक्षा की

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हेमंत नंदनवार ने समग्र शिक्षा अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की वर्चुअल समीक्षा की। बैठक जिला पंचायत के सभा कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में सीईओ नंदनवार ने विकासखंडवार शाला त्यागी बच्चों की स्थिति की समीक्षा की। इस संबंध में उन्होंने विकासखंड शिक्षा अधिकारियों से जानकारी लेकर निर्देशित किया कि शाला त्यागी बच्चों का सर्वेक्षण पूर्ण कर निर्धारित प्रपत्र में संकलित जानकारी 12 जनवरी 2026 तक जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा महासमुंद को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने अपार आईडी जनरेशन के कार्य को प्राथमिकता से पूर्ण करने तथा आधार कार्ड सुधार के लिए विकासखंड स्तर पर शिविर आयोजित करने निर्देश दिए। जिले में ड्रॉप बॉक्स में आपार जनरेटेड 5215 दर्शित बच्चों का भौतिक सत्यापन कर कारण सहित सूची प्रस्तुत करने तथा शाला त्यागी बच्चों को पुनः शिक्षा की मुख्यधारा में लाने के लिए प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही विद्यालयों में यह विशेष ध्यान रखने को कहा गया कि कोई भी बच्चा लंबे समय तक अनुपस्थित न रहे। परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम अंतर्गत राज्य शासन द्वारा प्रदत्त लक्ष्य को दो दिवस के भीतर शत-प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। जिन विद्यालयों में दर्ज संख्या की तुलना में 25 प्रतिशत अथवा उससे अधिक अनुपस्थिति पाई गई है, उन विद्यालयों के प्रधान पाठकों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के लिए जिला मिशन समन्वयक को निर्देशित किया गया। बैठक में यह भी निर्देश दिए गए कि किसी भी दुकान या अन्य कार्य स्थलों पर नाबालिग बच्चों से कार्य न कराया जाए तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी बच्चे प्रतिदिन विद्यालय में उपस्थित हों। जिले के समस्त विद्यालयों में नवोदय/प्रयास विद्यालय प्रवेश परीक्षा के लिए कक्षा पांचवीं एवं आठवीं के विद्यार्थियों की अतिरिक्त कक्षाओं के माध्यम से विशेष तैयारी कराने के निर्देश दिए गए। साथ ही विद्यालयों में बच्चों को फन एक्टिविटी आधारित शिक्षण प्रदान करने पर बल दिया गया, जिससे बच्चों की विद्यालय एवं शिक्षा के प्रति रुचि में वृद्धि हो और उनकी नियमित उपस्थिति सुनिश्चित की जा सके।

बैठक में डीएमसी रेखराज शर्मा, डीपीओ साक्षर भारत केएन चंद्राकर, एपीसी विद्या साहू, संजय कुमार ध्रुव, हर्षिता चंद्राकर, लेखापाल एडमोन मिंज, मनोजपुरी गोस्वामी, पीएमयू जयप्रकाश यादव तथा समस्त विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं विकासखंड स्त्रोत केंद्र समन्वयक

# भाजपा सरकार में अब राम के नाम का अपमान नही होगा बर्दाश्तः अंकित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- भाजपा द्वारा जानबूझ कर करवाई गई घटना ज्यादा लगती है
- पेपर सेट करने वाले का नाम सार्वजनिक कर कड़ी सजा दी



कांग्रेस नेता अंकित बागबाहरा ने बताया कि हाल ही में जिले में कक्षा 4 की अर्धवार्षिक परीक्षा में 'राम के नाम' को लेकर बड़ा विवाद हुआ है वो भी भाजपा के राज में। अंकित ने कहा कि ऐसा लगता है कि भाजपा द्वारा जानबूझ कर करवाई गई घटना ज्यादा लगती है। अंकित ने मांग की कि पेपर सेट करने वाले का नाम सार्वजनिक कर कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। अंकित ने बताया कि कक्षा 4 के पेपर में सवाल था 'मोना (या मौना/Sonu) के कुत्ते का नाम क्या है?' (What is the name of Mona's dog?) विकल्प थेः Bala, Sheru, No One और Ram। अंकित ने इसे हमारी धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला बताया।

क्योंकि, भगवान राम का पवित्र नाम एक कुत्ते के नाम के विकल्प में डाला गया था। अंकित ने मांग की कि दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए और 7 दिनों के अंदर मांग पूरी न होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

# गायत्री परिवार ट्रस्ट ने पीढ़ी स्कूल के छात्रों को बांटे स्वेटर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में भगवती देवी शर्मा के जन्म शताब्दी वर्ष पर गायत्री परिवार ट्रस्ट महासमुंद द्वारा सेवा कार्य के अंतर्गत ग्राम पीढ़ी के प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला में अध्ययनरत जरूरतमंद एवं नियमित रूप से विद्यालय आने वाले बच्चों को स्वेटर वितरण किया गया।

इस अवसर पर प्राथमिक शाला के 102 एवं माध्यमिक शाला के 62 बच्चों को ठंड से बचाव के लिए स्वेटर प्रदान किए गए। स्वेटर पाकर बच्चों के चेहरों पर प्रसन्नता एवं आत्मविश्वास की झलक स्पष्ट रूप से दिखाई दी। कार्यक्रम में ग्राम की उपसरपंच यादव, शाला की शिक्षिका गीता गोहिया एवं ग्रामवासियों की उपस्थिति रही। गायत्री शक्तिपीठ के वरिष्ठ परिजन ललित कुमार मेश्राम ने गायत्री मिशन की गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए पं. श्रीराम शर्मा आचार्य के प्रेरणादायी जीवन एवं विचारों की जानकारी दी। वहीं हीरालाल साहू द्वारा नवयुग का संविधान का भावपूर्ण वाचन किया गया। मुख्य प्रबंध ट्रस्टी बोधराम साहू ने गायत्री परिवार द्वारा संचालित सप्त आंदोलन की विस्तृत जानकारी दी तथा नैतिक एवं संस्कारयुक्त जीवन अपनाने का संदेश दिया। इस अवसर पर बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय आने, अच्छे संस्कार अपनाने एवं नशा न करने का संकल्प भी दिलाया गया। कार्यक्रम के अंत में शाला की शिक्षिका गीता गोहिया द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया। संचालन नरेंद्र कुमार सोनी ने किया। इस अवसर पर शिक्षक अशोक कोसले, प्रीति सुमन साहू, खूबचंद, सुमन, चंद्रहास, सुलोचनी निषाद सहित समस्त शिक्षकगण एवं विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहे। सेवा कार्य में गायत्री शक्तिपीठ महासमुंद से ब्रह्मानंद गुप्ता, लक्ष्मीनारायण उपाध्याय, रिखी राम साहू एवं हीरालाल साहू मौजूद रहे।

## बाल बैंडमिंटन खिलाड़ी से मुलाकात



**महासमुंद।** ग्राम बेमचा की बेटी लक्ष्मी चंद्राकर बाल बैडमिंटन अंतरराष्ट्रीय मैच में विजेता होने के पश्चात घर आगमन हुआ। जहां कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने मुलाकात कर जीत पर हर्ष जताते हुए कहा कि यह बेमचा गांव के लिए गर्व एवं खुशी का पल है। लक्ष्मी ने पूरे जिले सहित अपने गांव और पूरे परिवार का मान बढ़ाया है।

## न्यायालय तहसीलदार, तहसील कोमाखान, जिला महासमुंद (छ.ग.)

// ईश्तहार प्रकाशन //

रा.प्र.क्र....ब/121/वर्ष 2025-26
ग्राम बिंद्रावन प.ह.न. 20 रा.नि.मं. नर्रा
तहसीलः कोमाखान, जिला महासमुंद छ.ग.

एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक संतोष कुमार पिता बनियाराम जाति गांड़ा उम्र 41 वर्ष निवासी बिन्द्रावन तहसील कोमाखान जिला महासमुन्द के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर निवेदन किया गया है कि, उनके पिता श्री बनियाराम पिता सुग्रीव का मृत्यु दिनांक 30.08.2011 को ग्राम बिन्द्रावन तहसील कोमाखान जिला महासमुन्द में हुआ है। किन्तु आवेदक की अज्ञानता एवं कानून की सही जानकारी नहीं होने के कारण आवेदक अपने पिता श्री बनियाराम पिता सुग्रीव की मृत्यु की सूचना नियत समय में ग्राम कोटवार बिन्द्रावन एवं ग्राम पंचायत बिन्द्रावन को नहीं दे पाये, जिसके कारण रजिस्ट्रार (मृत्यु) ग्राम पंचायत बिन्द्रावन के द्वारा आवेदक के पिता श्री बनियाराम पिता सुग्रीव की मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं बनाया गया। अतः आवेदक के द्वारा अपने पिता श्री बनियाराम पिता सुग्रीव का मृत्यु दिनांक 30.08.2011 घटना पंजीकृत किये जाने हेतु माननीय न्यायालय तहसीलदार कोमाखान के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण इस न्यायालय में विचारधिन है, जिसमें आगामी पेशी दिनांक 12/01/2026 को नियत है। उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का आक्षेप/उजर / दावा या आपत्ति हो अथवा आवेदन प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं या अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 12/01/2026 को उपस्थित हो कर पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त का आक्षेप/उजर/दावा/आपत्ति अथवा आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 26.12.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
कोमाखान



## खबर संक्षेप



### प्रवासी भारतीय दिवस मनाया

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में भारत देश के प्रवासी भारतीय दिवस मनाया गया। इस दौरान कौशल्या चंद्राकर, लता चंद्राकर, रीखा चंद्राकर, कौशल चंद्राकर, भारती चंद्राकर, रूपेश चंद्राकर, भूषण चंद्राकर ने कहा कि विदेशों में जो भारतीय मूल के लोग बसे हुए हैं, जो अपनी मेहनत, के ज़रिए भारत की पहचान को मजबूत कर रहे हैं। भारत देश को मजबूत बनाने के लिए हर साल 9 जनवरी प्रवासी दिवस मनाया जाता है।

### असम चुनाव के लिए दिनेश को मिली जिम्मेदारी



**महासमुंद।** युवा नेता दिनेश रूपरेला को भाजपा ने असम विधानसभा चुनाव के लिए महत्वपूर्ण संगठनात्मक जिम्मेदारी सौंपी है। असम प्रदेश के विधानसभा चुनाव में विश्वनाथ जिला के बेहाली विधानसभा सीट की जिम्मेदारी उन्हें दी गई है। रूपरेला उन कार्यकर्ताओं में से हैं, जिन्होंने राजनीति को कभी पद या प्रतिष्ठा की सीढ़ी नहीं माना, बल्कि इसे सेवा, साधना और संगठन निर्माण का जीवन-संकल्प बनाया।



### वंचित किसानों से फार्मर आईडी बनाने की अपील

**महासमुंद।** जिले में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत कुल 1 लाख 30 हजार 367 किसान पंजीकृत हैं। इनमें से अब तक 1 लाख 3 हजार 983 किसानों द्वारा फार्मर आईडी बनवा ली गई है तथा 26 हजार 384 किसानों की फार्मर आईडी बनना शेष है। उप संचालक कृषि एफआर कश्यप ने बताया कि जिन किसानों की फार्मर आईडी नहीं बनी है, उन्हें प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की आगामी किस्त का लाभ नहीं मिल पाएगा। इसे गंभीरता से लेते हुए शेष सभी हितग्राही किसानों से शीघ्र फार्मर आईडी बनवाने की अपील की गई है। उन्होंने बताया कि जिन किसानों की फार्मर आईडी अभी तक नहीं बनी है, वे नजदीकी कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) में जाकर फार्मर आईडी बनवा सकते हैं। इसके पश्चात बी-1 पर्ची की प्रति, आधार कार्ड की प्रति सहित आवश्यक दस्तावेज सत्यापन के लिए संबंधित पटवारी के पास जमा कर फार्मर आईडी बनाने की प्रक्रिया पूर्ण कराना अनिवार्य होगा। उन्होंने वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी को अधीनस्थ मैदानी अमला के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार कराने के निर्देश दिए हैं तथा फार्मर आईडी से वंचित किसानों से सीधे संपर्क कर उन्हें जागरूक करने कहा गया है।

### 16 लाख रुपए की आर्थिक सहायता

**महासमुंद।** प्राकृतिक आपदा से मृत्यु होने पर 4 मृतकों के निकटतम वारिसान के लिए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत चार लाख रुपए के मान से कुल 16 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। इनमें पानी में डूबने से मृत्यु होने पर महासमुंद विकासखंड अंतर्गत ग्राम छिलपावन के मृतक देवनारायण पटेल की पत्नी चंद्रिका पटेल के लिए एवं बागबाहरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम हरनादादर के मृतक तामरस खूंटे की पत्नी किरण खूंटे के लिए आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। इसी तरह सर्पदंश से मृत्यु होने पर पिथौरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम गड़बेड़ा के मृतक कमलेश खड़िया के पिता सादराम उर्फ साधराम खड़िया के लिए तथा पेड़ डंगाल से सिर पर चोट लगने से मृत्यु होने पर मृतक शिवनारायण चतुर्वेदी की पत्नी पद्मा चतुर्वेदी के लिए चार-चार लाख रुपए आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

---

**आरोप:** शिकायत के बाद विभागीय अधिकारी ने की स्थल जांच

# स्मार्ट मीटर से बिल में बेतहाशा वृद्धि, खबर पर लिया संज्ञान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

07 जनवरी 2026 को दैनिक अखबार हरिभूमि में 'स्मार्ट मीटर से बिजली बिल में बेतहाशा वृद्धि, आमजन परेशान' शीर्षक से खबर प्रकाशित हुई थी। जिस पर संज्ञान लेते हुए विभाग ने जांच की। (सं/सं) संभाग, छ.स्टे. पॉ.डि.कं.लिमि. पिथौरा के अंतर्गत ग्राम नयापाराखुर्द निवासी दिवंगत लखपति साहू के नाम से घरेलू मीटर क्रमांक 1003367054 स्थापित है।

दिवंगत उपभोक्ता के वारिस मधुसूदन साहू ने बिजली विभाग के ऊपर केवल तीन बल्ब और दो पंखों का उपयोग करने पर भारी भरकम बिल भेजने का आरोप लगाया था।

आरोप की निष्पक्ष जांच के लिए अधीनस्थ कनिष्ठ अभियंता पिथौरा (ग्रामीण) द्वारा 07 जनवरी 2026 शाम 4 बजे उपभोक्ता के परिसर का भौतिक स्थल निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान उपभोक्ता द्वारा परिसर के सभी कमरे में प्रवेश करने से भी वर्जित किया गया, जिससे पूर्ण संयोजित भार/लोड भी ज्ञात नहीं किया जा सका। अन्य बंद कमरे को छोड़कर खुले परिसर में अनुबंधित भार 40 वॉट की जगह कुल 1357 वॉट (4 बल्ब, 3 पंखा, 1 - 1 टी.वी., कूलर व पंप 750 वॉट) का भार पाया गया। 01 जनवरी 2025 को उपभोक्ता के परिसर पर स्मार्ट मीटर स्थापित किया गया था। स्मार्ट मीटर स्थापना के पूर्व सामान्य मीटर में भी उपभोक्ता की विद्युत खपत 300 से 450 यूनिट के बीच उपभोग किया जाता रहा है और स्मार्ट मीटर स्थापित होने पर भी विद्युत खपत 300 से 450 यूनिट के बीच उपभोग हो रहा है। जांच में विभाग ने पाया कि दोनों मीटर में उपभोक्ता की विद्युत खपत समान है। उक्त मृतक उपभोक्ता के वारिस मधुसूदन साहू ने बिजली विभाग पर 86,763 रुपए का बिजली बिल भेजने का आरोप लगाया है। उपभोक्ता द्वारा वर्ष 2022 से आज दिनांक तक 4 वर्षों में केवल 4 बार में केवल 30170 रुपए का ही भुगतान किया गया है। उपभोक्ता द्वारा नियमित भुगतान नहीं किए जाने पर ही कंपनी नियमानुसार सरचार्ज सहित 86,763 रुपए विद्युत देयक जारी किया गया।



इसके पूर्व भी वितरण केंद्र पिथौरा (शहर) के उपभोक्ता रमाशंकर तिवारी सर्विस क्रमांक 1001441570 द्वारा स्मार्ट मीटर में अधिक खपत की शिकायत की गई थी। शिकायत के आधार पर 14 नवंबर 2025 को स्मार्ट मीटर के सीरीज में चेक मीटर (इलेक्ट्रॉनिक मीटर) स्थापित किया गया था।

25 नवंबर 2025 को स्मार्ट मीटर एवं इलेक्ट्रॉनिक मीटर के रीडिंग की जांच करने पर दोनों मीटरों में खपत 167 यूनिट दर्ज पाया गया, जो कि खपत यूनिट में समानता पाई गई। इसके अलावा किसी भी स्मार्ट मीटर उपभोक्ता से बिजली बिल वृद्धि संबंधी कोई भी शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। शिकायत प्राप्त होने पर कंपनी नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

---

# डीईओ के ऊपर एकतरफा जांच व कार्रवाई से सर्व अजा समाज में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला में अर्धवार्षिक परीक्षा 2025-26 के कक्षा 4थीं के अंग्रेजी विषय के प्रश्न पत्र में पूछे गये प्रश्न what is the name of mons dog? के विकल्प 'D' में RAM शब्द मुद्रित है, जिसका हिंदू व अन्य संगठनों द्वारा शासन-प्रशासन पर जिला शिक्षाधिकारी महासमुंद विजय कुमार लहरे को दोषी बताकर कार्रवाई के लिए शिकायत एवं प्रदर्शन किया जा रहा है। जिस पर विभाग द्वारा केवल महासमुंद डीईओ पर ही जांच की जा रही है। जबकि, उक्त प्रश्न-पत्र रामपुर संभाग के अन्य जिले धमतरी, रायपुर, बलौदा बाजार व गरियाबंद में भी इसी प्रश्न व विकल्प मुद्रित कर वितरित करते हुए परीक्षा सम्पन्न की गई है। परंतु, केवल महासमुंद जिले को छोड़कर अन्य किसी भी जिले में किसी भी धार्मिक व समाजिक संगठनों द्वारा किसी प्रकार की संबंधित जिला शिक्षा अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई (धरना, प्रदर्शन इत्यादि) के लिए शिकायत नहीं की गई है। केवल महासमुंद जिले में ही अनुसूचित जाति के जिला शिक्षा अधिकारी पदस्थ होने के कारण धार्मिक संगठनों के दबाव में शासन-प्रशासन द्वारा एकतरफा कार्रवाई व जांच की जा रही है।

ज्ञापन में बताया गया है कि महासमुंद जिला कार्यालय द्वारा कक्षा चौथी के अंग्रेजी विषय के प्रश्न-पत्र क्र. 01 के मुद्रण के लिए भेजी गई मूल पांडुलिपि में उक्त प्रश्न व विकल्प का कोई उल्लेख नहीं किया गया है, ऐसे में महासमुंद जिला शिक्षा अधिकारी के ऊपर ही कार्रवाई किया जाना न्यायोचित नहीं है। उक्त मामले में जिस जिले के द्वारा उक्त प्रश्न-पत्र तैयार कर मुद्रण के लिए पांडुलिपि भेजी गई है। उसकी जांच कर संबंधित अधिकारी/व्यक्ति, फर्म के ऊपर कार्रवाई किया जाना न्यायोचित होगी। इसके बावजूद केवल महासमुंद जिला शिक्षा अधिकारी के विरुद्ध एक तरफा कार्रवाई की जाती है तो सर्व अनुसूचित जाति, जनजाति व अन्य सामाजिक संगठन आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होने की बात उल्लेख किया है। सर्व अनुसूचित जाति समाज के सलाहकार दिनेश बंजारे, केआर सागर, संरक्षक विजय बंजारे, जिलाध्यक्ष रेखराज बघेल, अनुसूचित जाति जनजाति अधिकारी कर्मचारी शासकीय सेवक संघ (अजाक्स) के प्रांतीय सचिव, एसपी ध्रुव, जिला उपाध्यक्ष अनिल ढीढी, सचिव तुलेंद्र सागर, दीनबंधु निराला व अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।



जांच अधिकारी संयुक्त संचालक को लिखित में दिया ज्ञापन, एकतरफा कार्रवाई पर आंदोलन की दी चेतावनी

---

## लोहिया चौक सौंदर्यीकरण के लिए नपाध्यक्ष ने किया भूमिपूजन



**महासमुंद।** नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने पालिका के सभापतियों एवं पार्षदों के साथ स्थानीय लोहिया चौक में सौंदर्यीकरण एवं पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य के लिए भूमिपूजन किया। अध्यक्ष साहू ने कहा कि हमारा एक ही ध्येय वाक्य है और वह है नगर का विकास। नगर विकास के लिए हम हर स्तर पर प्रयास कर रहे हैं। वर्तमान में समस्त वार्डों में एक एक कर विकास कार्य कराए जा रहे हैं। सभी के सहयोग से ही यह कार्य संभव हो पा रहा है। इस अवसर पर सभापति ज्योति रिंकू चंद्राकर, जितेंद्र ध्रुव, पार्षद मुस्ताक ख़ान, शुभ्रा मनीष शर्मा, नीरज चंद्राकर, भाऊ राम साहू, राहुल आवड़े, भारती राजेंद्र चंद्राकर, कल्पना सूर्यवंशी, माधुरी धनीराम यदु आदि उपस्थित रहे।

---

# नगर पालिका परिषद के प्रेसिडेंट इन काउंसिल की बैठक में करोड़ों के विकास कार्यों का प्रस्ताव पारित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

नगर पालिका परिषद में प्रेसिडेंट इन काउंसिल की बैठक गुरुवार को हुई। बैठक में विकास कार्यों पर चर्चा हुई और करोड़ों के विकास कार्यों के प्रस्ताव पारित हुए। नगर पालिका अध्यक्ष खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल ने कहा कि शहर में विकास कार्य के लिए कोई कमी नहीं आनी चाहिए। शहर को महानगर की तर्ज पर विकसित किया जा रहा है। इसमें नागरिकों की हर सुविधा का ध्यान रखा गया है। नगर पालिका के सभाकक्ष में आयोजित बैठक के दौरान दो दर्जन से अधिक कार्यों को चर्चा में शामिल किया गया था, जिसमें निर्धारित कार्यों को स्वीकृति प्रदान की गई है। आगामी दिनों में वार्ड क्र. 02 में पानी टंकी के पास पंप हाउस एवं संपवेल निर्माण कार्य। वार्ड क्र. 02 में पानी टंकी से जैन मंदिर पानी टंकी तक पाइप लाइन विस्तार कार्य। वार्ड क्र.02 में शांतिनगर पानी टंकी से अंकित सिन्हा घर तक पाइप लाइन विस्तार कार्य। वार्ड 09 में काली मंदिर के पास शेड निर्माण कार्य। वार्ड 11 में विभिन्न गलियों में पेवर ब्लॉक कार्य। वार्ड 12 में पार्षद घर से नया रोड तक आरसीसी नाली निर्माण कार्य। वार्ड 12 में डोंगरपारा से तलाब तक सीसी रोड निर्माण कार्य। वार्ड 05 में आरसीसी नाली निर्माण कार्य, विभिन्न वार्डों में 5 नग बोर खनन के लिए प्रस्ताव, वार्ड 15 में मंडी तालाब में फेंसिंग कार्य। वार्ड 15 में मंडीतालाब सौंदर्यीकरण कार्य। स्वच्छता के अंतर्गत आरसीसी नाली निर्माण कार्य। वार्ड 04 में आरसीसी नाली निर्माण कार्य। वार्ड 10 भगवान में 02 नग पुलिया निर्माण। नवागांव से चंडी मार्ग पर डब्ल्यूबीएम रोड निर्माण कार्य। उपरोक्त कार्यों का प्रस्ताव कर शासन को भेजा जाएगा। स्वीकृति के बाद काम का शुभारंभ किया जाएगा। बैठक में नपाध्यक्ष खिलेश्वरी बघेल, उपाध्यक्ष देवेश साहू, सभापति गण शैलेश साहू, मंता यादव, मेनका पोखराज साहू, मिथुन अमीर, रमेश ठाकुर, शिवा जगत, सीएमओ गिरीश चंद्रा, उप अभियंता दीपक अग्रवाल व लेखापाल चंद्र मिर्धा उपस्थित थे।



---

# वैज्ञानिकीय गतिविधियों पर अनेक कार्यक्रम 13 से

## वैज्ञानिकीय गतिविधियों पर रंगोली, पोस्टर एवं मॉडल मेकिंग प्रतियोगिता होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय के रसायन शास्त्र विभाग में बैठक प्राचार्य करुणा दुबे के मार्गदर्शन में हुई। बैठक में वैज्ञानिकीय गतिविधियों एवं कार्यक्रम को लेकर चर्चा की गई। बैठक में छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (सीकॉस्ट) द्वारा स्थापित वैज्ञानिकीय गतिविधियों कार्यक्रम मनाने का निर्णय लिया गया। यह कार्यक्रम 03 दिवस क्रमशः 13 जनवरी, 20 जनवरी एवं 27 जनवरी को होगा। 13 जनवरी 2026 को वैज्ञानिकीय रंगोली प्रतियोगिता होंगी। इसमें विज्ञान संकाय के विद्यार्थी सम्मिलित होंगे। 20 जनवरी 2026 को वैज्ञानिकीय पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता होंगी। वहीं 27 जनवरी 2026 को कबाड़ से वैज्ञानिकीय वस्तुओं का कबाड़ से जुगाड़ कर मॉडल बनाएंगे। जिसमें विज्ञान संकाय के विद्यार्थी सम्मिलित होंगे। प्रत्येक कार्यक्रम प्रभारी निर्णायक के रूप में (रसायन, भौतिक, गणित, वनस्पतिशास्त्र, प्राणीशास्त्र) एक-एक सदस्य रहेंगे। बैठक में डॉ. ईपी चेलक विज्ञान संकाय अध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक, मनीराम धीवर विभागाध्यक्ष भौतिकशास्त्र, सरस्वती सेठ विभागाध्यक्ष रसायनशास्त्र, प्रियंका सोनवानी विभागाध्यक्ष प्राणीशास्त्र, नम्रता तम्बोली अतिथि व्याख्याता रसायनशास्त्र, डॉ. जागृति चंद्राकर अतिथि व्याख्याता वनस्पतिशास्त्र, डॉ. प्रिया बारीक अति.व्या. भौतिकशास्त्र, चंद्रप्रकाश चतुर्वेदी अति व्या. गणित, रूपावती अति. व्याख्याता गणित, रोहिणी देवांगन अति. व्या. गणित, मुकेश कुमार ढीढी जनभागीदारी व्याख्याता प्राणिशास्त्र उपस्थित रहे।



### शराब तस्करी कर ले जाते दो युवक गिरफ्तार

**रायपुर।** आमानाका थाने की पुलिस ने शराब तस्करी करने के आरोप में दो युवक को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 70 पौवा देशी शराब जब्त की है। युवक स्कूटी में लोड कर शराब ले जा रहे थे। पुलिस ने शराब तस्करी करने के आरोप में आकाश साहू तथा मनीष चौबे को गिरफ्तार किया है। दोनों युवक अलग-अलग बैग में शराब भरकर एक स्कूटी में सवार होकर जा रहे थे। इस दौरान पुलिस ने स्कूटी रोक कर बैग की तलाशी ली, तो बैग में शराब मिली। दोनों युवक ढाबा तथा होटल में शराब खपाने का काम करते थे।




---

**स्वीप कार्यक्रम के तहत महाप्रभु महाविद्यालय में हुआ कार्यक्रम**

# छात्रों को मतदाता परिचय पत्र बनाने किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कलेक्टर विनय लंगेह के आदेशानुसार व प्राचार्य डॉ. करुणा दुबे के मार्गदर्शन एवं प्रभारी प्राचार्य डॉ. मालती तिवारी के निर्देशन में शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा स्वीप कार्यक्रम के तहत शैक्षणिक सत्र 2025-26 में छात्र-छात्राओं जिनका 18 वर्ष पूर्ण हो गया है, ऐसे छात्र-छात्राओं को मतदान के प्रति जागरूक करने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें प्रभारी प्राचार्य डॉ. मालती तिवारी तिवारी द्वारा नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं को जिनका 18 वर्ष पूर्ण हो गया है उन्हें अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वाने एवं एक अच्छे मतदाता बनने के लिए कहा गया।

डॉ. मालती तिवारी जिला संगठक रासेयो जिला महासमुंद व स्वीप नोडल अधिकारी महासमुंद द्वारा मतदाता परिचय पत्र बनवाने के लिए जानकारी प्रदान किया गया। साथ ही बताया कि कलेक्टर विनय लंगेह से प्राप्त आदेशानुसार रासेयो स्वयंसेवकों द्वारा छात्र-छात्राओं की 18 वर्ष पूर्ण एवं अपूर्ण होने वाले छात्रों की सूची बनाई जा रही है। सूची बनने पश्चात जिनका 18 वर्ष पूर्ण हो गया है उन्हें फॉर्म 6 भरवाकर उनकी वोटर आईडी बनाई जाएगी। प्रत्येक वर्ष 1 जनवरी, 1 अप्रेल, 1 जुलाई एवं 1 अक्टूबर की तिथि में जिनका 18 वर्ष पूर्ण हो गया हो, ऐसे छात्र/छात्रा फॉर्म 6 भरकर मतदाता परिचय पत्र में नाम जुड़वा सकते है इसकी जानकारी दी गई।



अजय कुमार राजा कार्यक्रम अधिकारी रासेयो पुरुष इकाई व महाविद्यालय नोडल अधिकारी स्वीप ने छात्रों को मतदान की महत्व के बारे में सभी विद्यार्थियों को विस्तार से अवगत कराया। साथ ही बताया कि हम ऑनलाइन माध्यम से भी भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट www.nvsp.in में अपना फॉर्म भर सकते है। मोबाइल एप वोटर हेल्पलाइन के बारे में विस्तृत जानकारी दी। हम फॉर्म 6 ऑनलाइन माध्यम से वोटर हेल्पलाइन एप द्वारा भी भर सकते है। इस मतदाता जागरुकता कार्यक्रम में राजेश्वरी सोनी कार्यक्रम अधिकारी महिला इकाई ने समस्त विद्यार्थियों तक सूचना का संप्रेषण एवं रंगोली प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन के साथ-साथ वोटर हेल्पलाइन एप डाउनलोड कर फॉर्म 6 भरने में स्वयंसेवकों का सहयोग किया। मनीषा प्रधान सहायक प्राध्यापक वाणिज्य, वरिष्ठ स्वयंसेवक प्रकाशमणि साहू, कैंपस एंबेसडर रोहित ढीमर व शीतल साहू के साथ-साथ जनक साहू, देवेंद्र साहू, धनराज चतुर्वेदी, कामता भारती, गरिमा परमार, लक्ष्मी साहू, समीर सेवई,तनु निर्मलकर, जोगेश्वरी साहू, पूजा चक्रधारी एवं लिलेश्वरी मिर्धा समेत अन्य महाविद्यालयीन छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

